अतिमहत्वपूर्ण

संख्या : 3189/नौ-4-11-75ज/2002

प्रेषक,

नवनीत सहगल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ.प्र.।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ.प्र.।
3. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ.प्र., लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-4 लखनऊः दिनांकः 17 जून, 2011

विषय-स्थानीय निकायों, विशेषकर विभिन्न श्रेणी की नगर पालिकाओं में केन्द्रीयित सेवा के कर्मचारियों के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-3806/नौ-4-06-82एल.सी./2005, दिनांक-31.07.2006 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश पालिका(केन्द्रीयित) सेवा नियमावली, 1966 के नियम 25(2) में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत मण्डलायुक्त द्वारा अपने स्तर से कोई स्थानान्तरण न किये जाने हेतु निर्देश जारी किये गये हैं।

2. शासन के संज्ञान में यह तथ्य लाये गये हैं कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकास कार्यो में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों की अहम भूमिका है। मान्यवर श्री कांशीराम जी शहरी गरीब आवास योजना के अन्तर्गत भूमि का चयन एवं भवनों के आवंटन तथा रख रखाव का कार्य इनके प्रभावी सहयोग के बिना सम्भव नहीं है। नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों की निकायों में तैनाती शासन/स्थानीय निकाय निदेशालय के स्तर से की जाती है तथा इनके स्थानान्तरण एवं उन पर प्रशासनिक नियन्त्रण शासन/निदेशालय स्तर से संचालित होता है।

3. उल्लेखनीय है कि स्थानान्तरण से सम्बन्धित उत्तर प्रदेश पालिका(केन्द्रीयित) सेवा नियमावली, 1966 का नियम 25(2) निम्नवत हैः

> "डिवीजन का आयुक्त केन्द्रीयित प्रवर सेवाओं के किसी अधिकारी के अतिरिक्त अन्य किसी अधिकारी को अपने डिवीजन के अन्तर्गत एक पालिका से दूसरे पालिका में स्थानान्तरित कर सकता है।"

.....2/-

GO-Printing-Sect-XX-1

यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पालिका(केन्द्रीयित) प्रवर सेवा के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी श्रेणी-1/सहायक नगर आयुक्त का पद है, जिनका नियुक्ति प्राधिकार शासन में निहित है।

4. अतः उपर्युक्त नियम के परिप्रेक्ष्य में शासन के पत्र संख्या-3806/नौ-4-06-82 एल.सी./2005, दिनांक-31.07.2006 को निरस्त करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों में तैनात अधिशासी अधिकारियों (प्रवर सेवा के अधिकारियों को छोड़कर) पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु मण्डल के अन्तर्गत जनहित में स्थानान्तरण हेतु सम्बन्धित मण्डलायुक्त को अधिकृत किया जाता है।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(नवनीत सहगल)
सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर आयुक्त(प्रशासन)/पदेन अपर निदेशक, स्थानीय निकाय, उ.प्र.।
2. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ.प्र.।
3. नगर विकास अनुभाग-1
4. गार्ड फाईल।

22.06.2011
27/6/11

आज्ञा से,
27.6.11.
(विपिन कुमार द्विवेदी)
विशेष सचिव।

Gmail

Vipin Kumar Dwivedi
<dwivedi.vipin.79@gmail.com>

palika center lies services employe's transfer sambandhi

1 message

Vipin Kumar Dwivedi
<dwivedi.vipin.79@gmail.com>

Wed, Jun 29, 2011 at 6:46 PM

To: dmagr@nic.in, dmeth@nic.in, dmfir@nic.in, dmmat@nic.in, dmali@nic.in, dmkos@nic.in, dmfat@nic.in, dmpra@nic.in, dmkap@nic.in, dmkan@nic.in, dmetw@nic.in, dmmai@nic.in, dmaur@nic.in, dmfar@nic.in, dmknj@nic.in, dmfai@nic.in, dmamb@nic.in, dmbab@nic.in, dmsul@nic.in, dmgor@nic.in, dmdeo@nic.in, dmmah@nic.in, dmkus@nic.in, dmjha@nic.in, dmlal@nic.in, dmban@nic.in, dmchi@nic.in, dmham@nic.in, dmmab@nic.in, dmgon@nic.in, dmbeh@nic.in, dmbir@nic.in, dmshr@nic.in, dmsah@nic.in, dmmuz@nic.in, upjal@nic.in, upsul@nic.in, dmluc@nic.in, dmhar@nic.in, dmlkh@nic.in, dmrae@nic.in, dmsit@nic.in, dmunn@nic.in, dmmee@nic.in, dmgbn@nic.in, dmbag@nic.in, dmbul@nic.in, dmgha@nic.in, dmbar@nic.in, dmbud@nic.in, dmpil@nic.in, dmsha@nic.in, dmmor@nic.in, dmjpn@nic.in, dmram@nic.in, dmbij@nic.in, dmvar@nic.in, dmchn@nic.in, dmjau@nic.in, dmgaz@nic.in, dmaza@nic.in, dmbal@nic.in, dmmau@nic.in, dmmir@nic.in, dmsrn@nic.in, dmson@nic.in, dmbas@nic.in, dmskn@nic.in, dmsid@nic.in, dmali@nic.in, uphat@nic.in, collector_krn@yahoo.in, commagr@nic.in, commall@nic.in, commkap@nic.in, commfai@nic.in, commgor@nic.in, commjha@nic.in, commgon@nic.in, commmor@nic.in, commmee@nic.in, commbar@nic.in, commvar@nic.in, commaza@nic.in, commmir@nic.in, commbas@nic.in, commali@nic.in, commissionerckt@yahoo.com, commlko@nic.in

Dear all,

Plz. Find the attached letter no. 3189/9-4-11-75j/2002 dated 27-06-2011

Thanks
V.K. Dwivedi
Spl. secretary
U.D

samast mandlayukt0001.pdf
793K